संचिका संख्या–01/स्था०राज०–110/2026–

बिहार सरकार

गन्ना उद्योग विभाग

प्रेषक,

राजीव रंजन,
सरकार के अवर सचिव।

सेवा में,

प्रभारी पदाधिकारी,
वित्त (वै०दा०वि०को०) विभाग,
बिहार, पटना।

पटना, दिनांक– फरवरी, 2026

विषय :– **श्री रोशन पटेल, सहायक निदेशक (शष्य), कीटविद, कार्यालय–उप निदेशक, ईख विकास, मोतिहारी का दिनांक–08.09.2025 से 06.10.2025 तक प्रभार रहित अवधि का सेवा विनियमन की स्वीकृति के संबंध में।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि कृषि विभाग, बिहार, पटना की अधिसूचना संख्या–4142 दिनांक–06.09.2025 के क्रमांक–24 द्वारा बिहार कृषि सेवा कोटि–1 (शष्य) समूह 'ख' (मूल कोटि) के पदाधिकारी श्री रोशन पटेल, की सेवा गन्ना उद्योग विभाग को सौपी गयी। श्री पटेल, सहायक निदेशक (शष्य) कार्यालय–जिला कृषि पदाधिकारी, कैमूर (भभुआ) के ज्ञापांक–1661 दिनांक–06.09.2025 के द्वारा उक्त पद का प्रभार स्वतः त्याग किया गया। श्री पटेल द्वारा दिनांक–08.09.2025 के पूर्वाह्न मे गन्ना उद्योग विभाग में अपना योगदान समर्पित किया गया।

विभागीय अधिसूचना संख्या–1528 दिनांक–06.10.2025 द्वारा श्री रोशन पटेल को सहायक निदेशक (शष्य) कीटविद्, कार्यालय–उप निदेशक, ईख विकास, मोतिहारी के पद पर पदस्थापित किया गया है। श्री पटेल के द्वारा सहायक निदेशक (शष्य) कीटविद्, कार्यालय–उप निदेशक, ईख विकास, मोतिहारी का दिनांक–07.10.2025 के पूर्वाह्न में स्वतः प्रभार ग्रहण किया गया।

अतएव वित्त विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–10128 दिनांक–26.12.2003 के आलोक में **श्री रोशन पटेल, सहायक निदेशक (शष्य), कार्यालय–उप निदेशक, ईख विकास, मोतिहारी** का दिनांक–08.09.2025 से 06.10.2025 तक (दिनांक–7.09.2025 रविवारीय अवकाश) पदस्थापन की अनिवार्य प्रतिक्षा में बितायी गयी अवधि के रूप में विनियमन की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

2. इस पर आंतरिक वित्तीय सलाहकार, गन्ना उद्योग विभाग, बिहार, पटना की सहमति एवं अपर मुख्य सचिव, गन्ना उद्योग विभाग का अनुमोदन प्राप्त है।

विश्वासभाजन
ह०/–
अवर सचिव।

ज्ञाप संख्या–01/स्था०राज०–110/2026– /पटना, दिनांक– फरवरी, 2026

प्रतिलिपि– कोषागार पदाधिकारी, मोतिहारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/–
अवर सचिव।

ज्ञाप संख्या–01/स्था०राज०–110/2026– 464. **/पटना, दिनांक–** 26 **फरवरी, 2026**

प्रतिलिपि– उप निदेशक, ईख विकास, मोतिहारी/श्री रोशन पटेल, सहायक निदेशक (शष्य) कीटविद्, कार्यालय–उप निदेशक, ईख विकास, मोतिहारी/श्रीमती शालीनता रानी, आई.टी. प्रबंधक, गन्ना उद्योग विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

Rajeev 25/02/26
अवर सचिव।